हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024

11 हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हुए पं. बंगाल के विद्यार्थी



12 हैफेड ने खरीदी 17,770 क्विं सरसों, गेटपास रहे बंद और आज बनेंगे



नारनौल शहर में पहली बार
विश्वस्तरीय व आधुनिक तकनीक से लैश
गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी विभाग
आँत, पेट, लीवर व पैनक्रियाज से सम्बंधित बिमारीयाँ
एण्डोस्कोपी, कॉलोनोस्कोपी एवं ERCP की सुविधा



डॉ. अशोक कुमार
MBBS, MD Medicine (GMCH, Chandigarh)
DM Gastroenterology (DMCH, Ludhiana)
Ex. Const. Saroj Super Speciality Hospital, Delhi
Ex. Const. Jaipur Golden Hospital, Delhi
Ex. Sr. Const. Ujala Sygnus : Sonia Hospital, Delhi
रेवाड़ी, जयपुर एवं दिल्ली की सभी सुविधाएं नारनौल में पहली बार

27 मार्च 2024 से नियमित ओपीडी सेवाएँ
24 घण्टे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रेनबो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सैन्टर
सिंघाना रोड, महावीर चौक, नारनौल (हरि.)
Ph. 01282-298621, 9991116314

## खबर संक्षेप

### अजय चौटाला आज से करेंगे अटेली का दौरा

**मंडी अटेली।** जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला आज 5 अप्रैल को हलका अटेली के गांवों का दौरा कर ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित करेंगे। जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि डॉ. अजय सिंह चौटाला महेंद्रगढ़-भिवानी से जजपा प्रत्याशी राव बहादुर सिंह के समर्थन में सुबह 10 बजे गांव कांटी से इस दौरे की शुरूआत करेंगे और नरांगल अटेली में ग्रामीण सभा के साथ कार्यक्रम का समापन करेंगे।

### कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत 11 मई को

**कनीना।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के मार्गदर्शन में 11 मई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।बार प्रधान एडवोकेट सुनील यादव रामबास ने बताया कि 11 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में जिन व्यक्तियों का विवाद कोर्ट में लंबित है या फिर कोई विवाद अभी कोर्ट में पहुंचा ही नहीं है और उसे आप आपसी समझौते से निपटना चाहते हैं तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। 11 मई की लोक अदालत में आपसी समझौते से वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, मिश्रित अपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, बैंक रिकवरी, पेंशन, उपभोक्ता शिकायत, बिजली मामले, टेलीफोन बिल विवाद व दीवानी मामलों का निपटारा होगा।

### डीएसपी की जांच में सही पाए गए आरोप, सरकारी शिक्षक के खिलाफ केस

# पहले दी थी धमकी, फिर अभद्र टिप्पणियां लिख बंटवा दिए पर्चे

**सीसीटीपी जांच करने पर सामने आया था पर्चे बांटने वाले का चेहरा, एसपी ने डीएसपी मोहम्मद जमाल को सौंपी थी मामले की जांच, सही मिले पीड़िता के आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महेंद्रगढ़ की बेटी का ससुराल नारनौल शहर के नजदीकी गांव में है। जिस व्यक्ति ने यह रिश्ता करवाया, उसी पर बाद में नाते में भतीजी लगने वाली बेटी ने अश्लील हरकतें करना, ससुराल पक्ष से जबरदस्ती पैसा मांगना और इनकार करने पर उनके शिक्षण संस्थान को खराब करने की नियत से पर्चें बांटने का गंभीर आरोप लगाया। जब यह मामला एसपी अर्श वर्मा के पास पहुंचा तो नारनौल डीएसपी अवकाश पर होने की वजह से इस शिकायत की जांच महेंद्रगढ़ डीएसपी मौ. जमाल को सौंपी गई। डीएसपी ने जांच की तो पीड़िता के आरोप सही पाए गए।



महापंचायत में बेटी को न्याय दिलाने के लिए चार निर्णय

नानौल। चार अप्रैल को प्रकाशित समाचार।

### रिश्ते में पीड़िता का चाचा आरोपी

डीएसपी की जांच में खुलासा हुआ है कि 14 जनवरी को महेंद्रगढ़ शहर वासी नामजद आरोपित नाते में शिकायतकर्ता का चाचा लगता है, उस दिन महिला के घर आया था। पीड़ित घर में उस वक्त अकेली थी। आरोपित ने अश्लील हरकत की। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपित ने उसे धमकाया। यहीं नहीं, ब्लैकमेल करने की धमकी देना और उसके ससुराल पक्ष को जान से मारने की धमकी देना पाया गया। इसके अलावा नामजद व्यक्ति द्वारा पम्पलेट छपवाकर पीड़िता की इज्जत खराब व बदनाम करना पाया गया है।

शिकायत में नामजद पर लगाए गए आरोप साबित होते है। वहीं इस संबंध में दोनों पक्षों की पंचायत भी होनी पाई गई है। जिसमें आरोपित ने पंचायत में अपनी गलती स्वीकार की है। लिखित में माफीनामा भी लिखना पाया गया है। शिकायत में लगाए गए आरोप सत्य पाए गए है। डीएसपी की इस जांच के बाद सदर थाना में नामजद आरोपित गगन सैनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। नवविवाहिता ने शिकायत में बताया है कि मायका महेंद्रगढ़ शहर में है। मायका में एक नामजद व्यक्ति जो पेशे से एक सरकारी अध्यापक है।

### शादी के बाद मिलने के बहाने ससुराल आया

अपराधी किस्म का व्यक्ति है। इस पर कई मुकदमें भी दर्ज है। शादी के बाद जब वह ससुराल आ गई, उसके कुछ दिन बाद ससुर के पास मिलने के बहाने वहां आया। अश्लील हरकत करने की। इस घटनाक्रम के बारे में पति व ससुर को भी बताया। फिर वह पति के पास फोन करने लगा। व्हाट्सएप चेट भी करने लगा। इस चैटस में वह उसके बारे में गन्दी व गलत बात लिखकर पति को भड़काने की कोशिश की। आरोप है कि आरोपित की बात नहीं मानने पर उसे बदनाम करने की धमकी दी। बदनाम करने की नियत से सोशल मीडिया पर कई जानकारों के पास फोन व मैसेज किए। झूठी फेसबुक आईडी बनाकर उनसे मैसेज डाले है। पति को जो व्हाट्सएप भेजे, उनमें उन आईडी के बारे पासवर्ड सहित लिखा हुआ है।

### दो पेजों पर आगे पीछे टाइप की झूठी बातें

शिकायतकर्ता का कहना है कि अब तो नामजद ने हद ही कर दी। उसने दो पृष्ठ जिन पर आगे व पीछे हिन्दी में झूठी बातें टाइप करवाकर ससुराल व उसके आस-पास के लोगों के पास यह मैसेज फोन पर भेजा और गांव के साथ लगती ढाणी व अन्य गांवों में इन पर्चों की फोटो स्टेट करके फिकवा दिया। ससुर की अच्छी सामाजिक पहचान है। इसलिए जिन लोगों को यह पर्चे मिले तो उन लोगों ने संपर्क करके पूरी बात बताई। ससुर ने अपने स्तर पर गांवों में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज देखी तो सामने आया कि एक युवक बाइक पर यह पर्चे 24-25 मार्च की रात का गिरा रहा है। शिकायत में बताया है कि पीड़िता के ससुर से इस नामजद व्यक्ति ने एक दिन 30 लाख रुपये की मांग भी कर रहा था। मना करने पर ही इसने यह घिनौना काम किया। शिक्षण संस्थान की साख खराब करने का दबाव बनाकर गलत कार्य व जबरदस्ती पैसा लेना चाहता है। जिस तरह से रात को यह झूठी शब्दों का प्रयोग कर पर्चे फेंके गए, इस नामजद के साथ अन्य लोग भी शामिल हो सकते है। इस शिकायत के साथ सबूत के तौर पर पुलिस को गांवों में फेंके गए पर्चे, पति को व्हाट्सएप से की गई चेट, रिकॉडिंग भी दी है।





महेंद्रगढ़। युवकों द्वारा घर में मारे गए ईंट-पत्थर और गली में पड़े पड़ी ईंट।

## मौहल्ला धानकान में दशहत, घरों गलियों में जमकर बरसाए पत्थर

- पत्थरबाजी से कई मोहल्लों में सामान हुआ क्षतिग्रसत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के मोहल्ला धानकान में बुधवार की रात्रि को सात-आठ युवकों ने मौहल्ले में जमकर उत्पात मचाया है। इस दौरान युवकों ने मौहल्ले की गलियों में जमकर ईंट-पत्थर भी फैंके हैं। जिससे कई घरों में बाइक, कूलर, मशीन, टीन शैड, दरवाजे पानी की टंकी क्षतिग्रस्त हो गए। मौहल्ले के कई महिला व पुरुषों को चोटें भी आई। डायल-112 पर इसकी सूचना दी। पुलिस को देख युवक मौके से फरार हो गए। पीड़ित मौहल्ले के लोगों ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर शरारती युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं। शहर के मौहल्ला धानकान निवासी बंटी ने बताया कि तीन अप्रैल की रात करीब 11 बजे उसके घर पर अज्ञात युवक ईंट व पत्थर बरसाने लगे। इस पत्थरबाजी में घर का गैस चूल्हा सहित अनेक सामान क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। उन युवकों ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इन युवको ने पहले भी उस पर हमला कर दिया था, अब फिर से घर पर पत्थर बरसाए है। इन युवकों के कारण हम घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं। उन्होंने घर के दरवाजे भी तोड़ दिए। इसके अलावा रतनलाल ने बताया कि बताया कि तीन अप्रैल की रात करीब 11 बजे सात-आठ युवकों ने घर पर पथराव हुए गाली गलौज की तथा जाति सूचक बोले। युवकों ने घर पर इतने पत्थर मारे की घर पर रखे सामान कूलर, वाशिंग मशीन, टीन शैड, पानी की टंकी, दरवाजे सहित अनेक सामान तोड़ दिए। यह युवक घर के अंदर घुस गए तथा दो गेट कोकाफी नुकसान पहुंचाया। यह युवक हथियार से लैस बताए जा रहे थे।

### थार की टक्कर से एक्स सर्विसमैन की मौत

**नारनौल।** गांव दौंगड़ा अहीर में प्रातःकाल को थार गाड़ी की टक्कर से एक एक्स सर्विसमैन करीब 79 वर्षीय जयनारायण यादव की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया। गांव दौंगड़ा अहीर में घर के बाहर की वृद्ध एक्स सर्विसमैन करीब 79 वर्षीय जयनारायण यादव को टक्कर मार दी। एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां अस्पताल में उसे मृत घोषित करने उपरांत शव मोर्चरी में रखवा दिया तथा दौंगड़ा पुलिस को सूचना दी।

## हरियाणा व राजस्थान पुलिस ने चलाया जांच अभियान

- नांगल चौधरी, पनियाला थाना प्रभारी व सीआईए की टीम रही मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हरियाणा पुलिस व राजस्थान पुलिस ने गोनेडा नाके पर सघन चैकिंग अभियान चलाया। पुलिस की ओर से लगाए गए सीमावर्ती नाके पर चैकिंग के दौरान नांगल चौधरी थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र, पनियाला थाना प्रभारी एसआई मोहर सिंह मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह से मुस्तैद है।

उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देशानुसार हरियाणा पुलिस की ओर से राजस्थान पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर सघन चैकिंग की जा रही है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी है और बॉर्डर नाकों पर आने-जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। पुलिस की ओर से वीरवार को गोनेड़ा नाके पर राजस्थान पुलिस के साथ संयुक्त चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नाके से गुजरने वाले वाहनों की सघनता से चैकिंग की गई। नाकों से गुजरने वाले वाहनों की चैकिंग कर रजिस्टर में रजिस्ट्रेशन नंबर भी नोट किए गए। थाना नांगल चौधरी प्रभारी ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके चुनाव करवाने की कोशिश के तहत सीमा पर नाकाबंदी की गई है और जिले में आने वाले वाहनों की जांच की जा रही है, साथ ही राजस्थान पुलिस से सूचनाएं भी सांझा की जा रही है।

वहीं राजस्थान के थाना पनियाला में सीमावर्ती क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों ने बैठक की। जिसमें शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में मतदान करवाने को लेकर चर्चा की गई। थानाध्यक्षों ने अपने-अपने थाना क्षेत्र के सक्रिय कुख्यात व फरारी अपराधियों की सूची एक-दूसरे को आदान प्रदान करने, संयुक्त छापेमारी करने, शराब के अवैध कारोबार से जुड़े व्यक्तियों को चिह्नित कर छापेमारी करने को लेकर चर्चा की।

## नंबर प्लेट बदलकर चला रहा था बाइक, सीआईए ने किया काबू

- मोहनपुर के अमित उर्फ चेतन के रूप में हुई पहचान

**नारनौल।** मोटरसाइकिल पर दूसरी बाइक की नंबर प्लेट लगाकर प्रयोग करने के मामले में सीआईए महेंद्रगढ़ ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान अमित उर्फ चेतन वासी मोहनपुर के रूप में हुई। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सीआईए ने गुप्त सूचना मिली कि अमित उर्फ चेतन वासी मोहनपुर थाना सदर के पास एक मोटरसाइकिल है, जिसको वह नंबर प्लेट बदलकर चला रहा है। पुलिस ने गोद बलावा से आने वाले सर्विस रोड पर नाकाबंदी कर चैकिंग शुरू की। जांच के दौरान रोकने का इशारा करने पर बाइक चालक ने वापस भागने का प्रयास किया। पूछताछ में अपनी पहचान अमित उर्फ चेतन के रूप में बताई।बाइक के दस्तावेज भी पेश नहीं कर पाया तथा जांच करने पर बाइक की नंबर प्लेट फर्जी पाई गई। जो श्रीराम वासी नहरेडी तहसील नागल चौधरी के नाम से नंबर रजिस्टर्ड मिली। पुलिस ने पता लगाया कि अमित ने मोटरसाइकिल नंबर प्लेट किसी से बनवाकर गुमराह करने की नियत से अपने आपको फायदा पहुंचाने के लिए बाइक पर गलत नंबर लगाकर चला रहा था।

## वर्कशॉप बंद करने के विरोध में उतरा सांझा मोर्चा

- हिसार व करनाल वर्कशॉप को बंद की सिफारिश को बताया साजिश
- एचआरईसी की बजाय निजी कंपनियों में बन रही बसों की बॉडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

डिपो सांझा मोर्चा ने महाप्रबंधक के माध्यम से प्रधान सचिव चंडीगढ़ को ज्ञापन भेजा गया। कर्मचारी नेता अनिल भीलवाड़ा ने बताया कि करनाल व हिसार सेंट्रल वर्कशॉप में ईंजन मरम्मत कार्य, पंप कार्य व टायर रिसोल कार्य की समीक्षा बारे एक कमेटी का गठन किया है। कमेटी ने कुछ सीमित समय को आधार मानकर खर्चा अधिक होने के अंदेशे के कारण दोनों वर्कशॉपों को बंद करने की सिफारिश करने जा रही है। जिसका सांझा मोर्चा विभाग हित में विरोध करता हैं, क्योंकि दोनों वर्कशॉपों में कार्य करने की कुशलता व गुणवत्ता बहुत अच्छी है। जो किसी प्राइवेट कम्पनी से कही बेहतर हैं। इन दोनों वर्कशॉपों में लगीं मशीनों को अपग्रेड भी किया जा सकता है, जिससे बस-6 की बसों का कार्य भी करवाया जा सकता है। एचआरईसी गुरुग्राम बॉडी सेक्सन से नई 500 बसों की बॉडी निर्मित न करवा करके किसी अन्य प्राइवेट कम्पनी में बसों की बॉडी निर्मित करवाने की योजना बनाई जा रही है। पिछले समय मे 1000 बसों की बॉडी अन्य कम्पनी से निर्मित करवाई थी। एचआईसी के मुकाबले इन प्राइवेट कम्पनी से निर्मित बसों की बॉडी की तुलना की जाए तो एचआरईसी से निर्मित बसों की बॉडी कही बेहतर हैं। परिणाम हम सबके सामने हैं, वहीं दूसरी तरफ चालक /परिचालकों का रात्रि ठहराव भत्ता केवल 10 रात्रि ठहराव समिति किया गया है। यह निर्णय विभाग हित में नहीं हैं, क्योंकि सभी डिपो में सभी मागारें अनुसार स्टाफ उपलब्ध नहीं है। जिन मागारें पर स्टाफ उपलब्ध नहीं है और 10 रात्रि ठहराव के बाद इन रात्रि ठहराव मागारें से चालक, परिचालकों हटाया गया तो इन मागारें पर रात्रि ठहराव पर चलने के लिए स्टाफ उपलब्ध न होने के कारण ये मार्ग बंद हो जाएंगे। जिससे विभाग को राजस्व के रूप में नुकसान होगा और आम जनता, छात्र-छात्राओं को परिवहन से वंचित होगी। इसलिए रात्रि ठहराया सम्बंधित जारी आदेश पत्र को तुरंत वापिस लिया जाए। उपरोक्त विषयों पर सांझे मोर्चे द्वारा दिए गए तकारें व सुझावों की अगर अनदेखी की गई तो सांझा मोर्चा विभाग एवं कर्मचारी हित में हड़ताल जैसे बड़े आंदोलन करने की मजबूर होगा। आज ज्ञापन में कर्मचारी नेता अनिल भीलवाड़ा, देवव्रत सिहोर, युजवेंद्र क्लर्क, जितेंद्र स्याना, सुंदर बेवल, अजय क्लर्क, अनूप, रजनेश व दयापाल आदि मौजूद रहे।

## 40 दिन बंद रहेगा मुख्य बाजार का अंडरपास

- रेवाड़ी से रिंगल तक बिछाया जाना है नया ट्रैक, आरयूबी बंद करने की स्वीकृति, एसडीएम ने जारी किया स्वीकृति पत्र, आरयूबी बंद होने से वाहन चालकों को होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



मंडी अटेली। वह अंडरपास जो आज से बंद रहेगा। फोटो : हरिभूमि

रेवाड़ी वाया नारनौल रींगस रेलमार्ग के दोहरीकरण के कारण मंडी अटेली के मुख्य बाजार अंडरपास (आरयूबी 27 ए) आगामी 40 दिनों तक आज 5 अप्रैल वीरवार से बंद रहेगा। रेलवे ने इसके लिए स्वीकृति मांगी थी। उसके बाद 29 मार्च को एक बैठक हुई थी। जिसमें रेलवे के कार्यकारी अभियंता के अलावा तहसीलदार, नगरपालिका, बीडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया था। नया ट्रेक बिछाने के लिए उपमंडल अधिकारी ने अंडरपास को 40 दिन के लिए बंद करने की स्वीकृति प्रदान करने का पत्र जारी कर दिया है। रेलवे के सहायक अभियंता कमलेश कुमार ने बताया कि इसके लिए आरओबी बहरोड रोड या उनिंदा की तरफ से आवागमन करें। मार्ग बंद करने के लिए संकेतकों के अलावा अन्य जरूरी निर्देश जारी कर दिए हैं। बता दें कि अटेली शहर को अंडरपास दो भागों में विभाजित करता है। इसके बंद होने से कस्बे के लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। अंडरपास के दूसरे हिस्से की तरफ अस्पताल, पशु अस्पताल, पुरानी मंडी, थाना, बीडीपीओ, तहसील कार्यालय समेत अनेक कार्यालय हैं। इसलिए लोगों ने कम दिन के लिए अंडरपास को बंद करने की मांग की है। अंडरपास बंद होने से लोगों को विपरीत दूरी तक करनी पड़ेगी।

### चुनाव आयोग ने शुरू की चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली

# प्रतिदिन शराब तस्करी की समीक्षा करेंगे सीएस

- चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन पर होगीा कड़ी कार्रवाई : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान मौजूद उपायुक्त मोनिका गुप्ता व अन्य।

हरियाणा के आबकारी एवं कराधान आयुक्त अशोक कुमार ने कहा कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के लिए शराब की बिक्री व मूवमेंट की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। इस बार चुनाव आयोग की ओर से चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली शुरू की गई है। किसी भी क्षेत्र से पकड़ी गई अथवा जब्त की गई वस्तुओं (नकदी, शराब, ड्रग्स, कीमती धातु, मुफ्त अन्य वस्तुओं) के डेटा को आनलाइन मोबाइल एप के माध्यम से फीड किया जाएगा। यह एक ऐसा प्लेटफार्म जिसमें सभी केंद्रीय व राज्य प्रवर्तन एजेंसियां शामिल होंगी। अशोक कुमार वीरवार को लोकसभा आम चुनाव के संबंध में राज्य के सभी उपायुक्त व एक्साइज एवं कराधान विभाग अधिकारियों की वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए बैठक ले रहे थे। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने जिले में इस संबंध में उठाए गए कदमों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अगर कोई चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ प्रशासन सख्त से सख्त कार्रवाई करेगा। इसके बाद अधिकारियों की बैठक में डीसी ने कहा कि अधिकारी शराब तस्करी के मामलों पर लगातार नजर रखें। अंतर राज्य बॉर्डर के नाकों की 24 घंटे निगरानी व सघन जांच होनी चाहिए। एसएसटी व एफएसटी टीमें लगातार फील्ड में रहकर कार्य करें। विभाग के अधिकारी इन टीमों के साथ समन्वय स्थापित करके तस्करी की सूचनाओं पर तुरंत एक्शन लें। राज्य के मुख्य सचिव हर रोज इसकी समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि नोटिफाई रूट के अलावा कहीं भी शराब को ट्रांसपोर्ट नहीं किया जा सकता। ग्राम स्तर तक अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें। इस बैठक में नगराधीश मंजीत कुमार, डीईटीसी एक्साइज अनिल शर्मा, डीईटीसी टैक्सेशन प्रियंका यादव के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### अवैध शराब तस्करी की इन नंबरों पर करें शिकायत

डीईटीसी एक्साइज अनिल शर्मा ने बताया कि आबकारी विभाग ने अवैध शराब तस्करी के संबंध में राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया है। कोई भी नागरिक टोल फ्री नंबर 18001022012 पर फोन कर सकता है। इसके अलावा 0172-4112222 पर फोन करके शराब तस्करी के संबंध में जानकारी दे सकता है। इसी प्रकार विभाग की ओर से शिकायत के लिए ई-मेल एड्रेस भी दिया गया है। कोई भी नागरिक हेल्प डेस्क एट हरियाणा टैक्स डॉट जीओवी डॉट इन पर ईमेल कर सकता है।

कहानी / हरीश कुमार 'अमित'

# मीठी ईद की खुशियां



सलीम के साथ क्रिकेट खेलने वाला दानिश बहुत ही गरीब परिवार का था। ईद आई तो सलीम को चिंता हुई दानिश कैसे ईद की खुशियां मनाएगा? उसने यह बात अपने अब्बा-अम्मी से साझा की। क्या उन्हें भी दानिश की चिंता हुई? क्या दानिश मीठी ईद की खुशियां मना पाया या उसकी ईद अपनी गरीबी में फीकी रही?

अब्बा शाम को दफ्तर से घर लौटे ही थे कि सलीम भी बाहर से खेलकर आ गया। उसके हाथ में क्रिकेट का बैट था। वह हर रोज शाम के समय आस-पास के बच्चों के साथ मैदान में क्रिकेट खेलता है। सलीम ने सुना कि अब्बा ईद की खरीदारी के बारे में अम्मी से बात कर रहे हैं। वह वहीं पास खड़ा होकर उन दोनों की बातें सुनने लगा। कुछ देर बाद सलीम थोड़ा झिझकते हुए बोला, 'अब्बा, मैं कुछ कहना चाहता हूं।'

'हां, बोलो बेटा।' अब्बा बोले।

'अब्बा, हम बच्चे शाम को क्रिकेट खेलते हैं न...।' सलीम कहते-कहते रुक गया।

'हां..हां... बताओ बेटा, क्या बात है?' अम्मी ने प्यार से पूछा।

'जब हम क्रिकेट खेलते हैं तो वहां हमारे साथ दानिश नाम का एक बच्चा भी खेलता है।' सलीम यह कह ही रहा था कि अब्बा बोले, 'वही दानिश न जो रन बनाता जाता है और जल्दी आउट नहीं होता।'

उधर से अम्मी भी बोलीं, 'इसी दानिश के बारे में तो तुम बताते रहते हो कि वह बड़ा गरीब है, उसकी अम्मी भी पिछले साल बीमारी से गुजर गई थीं।'

'हां, वही दानिश। उसके अब्बू किराए पर रिक्शा चलाते हैं। उन लोगों का घर भी टूटा-फूटा-सा है।' सलीम ने बताया।

अब्बा और अम्मी सलीम की बात बड़े ध्यान से सुन रहे थे।

'कल ईद का त्योहार है। हम लोग तो ईद पर नए कपड़े पहनेंगे, अच्छा-अच्छा खाना खाएंगे, पर दानिश कैसे ईद मनाएगा? वे लोग तो बड़े गरीब हैं। दानिश कह रहा था कि उसके अब्बू को हर रोज बस सौ-डेढ़ सौ रुपए की कमाई होती है। वे तो हर रोज की तरह कल भी सुबह-सुबह रिक्शा लेकर निकल जाएंगे। दानिश बेचारा कैसे ईद मनाएगा? क्या हम कुछ ऐसा नहीं कर सकते, जिससे वह भी हंसी-खुशी ईद मना सके?' सलीम की आवाज में चिंता का भाव था।

सलीम की बात सुनकर अब्बा और अम्मी कुछ सोचने लगे, फिर अब्बा बोले, 'बेटा, तुम चिंता मत करो। हम अभी ईद की खरीदारी करने के लिए बाजार जा रहे हैं। हम दानिश के लिए भी कुछ खरीद लेंगे।'

अब्बा की बात सुनकर अम्मी बोलीं, 'हम नए कपड़े खरीद लेंगे दानिश के लिए। तुम्हारे नाप के ही चल जाएंगे न?'

'अम्मी, कपड़े तो दानिश को मेरे ही नाप के चल जाएंगे, पर वह इस तरह किसी से कुछ लेता नहीं है, वह बहुत ही स्वाभिमानी लड़का है।' सलीम ने बताया।

यह सुनकर अब्बा कुछ देर सोचते रहे और फिर बोले, 'इसका भी एक तरीका सोच लिया है मैंने। आओ, अब बाजार चलते हैं।'

अगली सुबह अब्बा ने सलीम को कहा कि वह दानिश को बुला लाए। कुछ ही देर में दानिश आ गया तो अब्बा उससे बोले, 'बेटा दानिश, सुना है तुम बहुत बढ़िया क्रिकेट खेलते हो।'

'अंकल जी, क्रिकेट खेलना मुझे बहुत अच्छा लगता है। मैं पूरे जी-जान से खेलता हूं क्रिकेट।' दानिश ने जवाब दिया।

'लेकिन हमारे सलीम को तो बढ़िया क्रिकेट खेलना आता नहीं है। तुम सिखा सकते हो क्या इसे भी बढ़िया क्रिकेट खेलना? बन सकते हो क्या इसके क्रिकेट कोच?' अब्बा दानिश से बोले।

'मैं कैसे कोच बन सकता हूं अंकल जी! मैं तो अभी छोटा हूं।' दानिश हैरानी से बोला।

'क्यों नहीं बन सकते तुम इसके कोच! तुम इतना बढ़िया क्रिकेट खेलना जानते हो।' अब्बा ने कहा तो अम्मी बोलीं, 'दानिश बेटा, बन जाओ न सलीम के कोच।'

'बन जाओ न मेरे कोच!' सलीम भी मनुहार करते हुए दानिश से बोला। अब्बा, अम्मी और सलीम की बात सुनकर दानिश ने सलीम का कोच बनने की बात मान ली।

अब्बा अपने कमरे में गए और दानिश के लिए नए कपड़े लेकर आ गए। उन कपड़ों को दानिश को थमाते हुए बोले, 'बेटा, इन्हें अपनी कोच फीस के तौर पर रख लो।'

दानिश उन कपड़ों को लेने में झिझक रहा था। तभी अम्मी रसोई से बाहर झांकते हुए बोलीं, 'बेटा दानिश, इन कपड़ों पर तो तुम्हारा हक बनता है। तुम हमारे घर में ही नहा लो और ये नए कपड़े पहन लो।'

कुछ देर बाद सलीम और दानिश नए कपड़े पहनकर मजे से गर्मा-गर्म सिवइयां खा रहे थे। मीठी ईद की खुशियां पूरे घर में खुशबू की तरह फैली हुई थीं। *

त्योहार / शिवानी छाया

# आओ मिलकर मनाएं ईद

फरहान आजकल बहुत खुश और उत्साहित है। ईद आने में अभी कुछ दिन बाकी हैं, लेकिन उसके घर में अभी से ही चहल-पहल है। फरहान के घर में ईद की खरीदारी और अन्य तैयारियां जोर-शोर से हो रही हैं। शाश्वत भी ईद को लेकर बहुत उल्लासित है, क्योंकि पिछली बार की तरह इस बार भी उसे अपने पापा-मम्मी के साथ फरहान के घर ईद मिलने जाना है। फरहान भी अपने पापा के साथ होली में शाश्वत के घर होली मिलने आता है। मजे से होली के पकवान खाता है। उसे शाश्वत की मम्मी के हाथों से बनी गुझिया बहुत पसंद है।



फरहान के पापा और शाश्वत के पापा सालों से बहुत अच्छे दोस्त हैं। शाश्वत और फरहान एक ही स्कूल में क्लासमेट हैं। त्योहारों और फैमिली फंक्शंस में दोनों परिवारों का एक-दूसरे के घर आना-जाना रहता है। हर त्योहार की खुशियां साथ मनाते हैं।

पिछली ईद पर शाश्वत ने फरहान के घर खूब मजे किए थे। शाश्वत ने वहां सभी को 'ईद मुबारक' कहा, फरहान और उसके कजिंस से गले मिला था। फरहान के दुबई वाले चचाजान खिलौने लेकर आए थे, इन खिलौनों से शाश्वत, फरहान और उसके कजिंस देर तक खेलते रहे। शाश्वत को फरहान के मम्मी के हाथों से बनी मीठी सेवइयां खूब पसंद आई थीं। अम्मी ने सभी बच्चों के साथ शाश्वत को भी 'ईदी' दी थी।

'पिछली बार की तरह इस बार भी ईद पर खूब एंज्वॉय करेंगे।' यह सोचकर शाश्वत मन ही मन में बहुत खुश था। इस बार तो शाश्वत ने अपने हाथों से फरहान के लिए 'ईद मुबारक' का कलरफुल ग्रीटिंग-कार्ड बनाया है। फरहान और शाश्वत दोनों को ही बेसब्री से ईद का इंतजार है।

प्यारे बच्चों, फरहान और शाश्वत का ईद के प्रति उत्साह देखकर तुम्हें बहुत अच्छा लग रहा है न! ईद है ही ऐसा त्योहार! यह रमजान का पाक महीना पूरा होने पर मनाया जाता है। यह त्योहार हमें दया, करुणा, स्नेह और सौहार्द का संदेश देता है। अमन का पैगाम देता, प्रेम-भाईचारे और खुशियों का त्योहार है ईद।

बच्चों, तुम्हारे या तुम्हारे दोस्तों के घर में भी ईद की तैयारी जोर-शोर से चल रही होगी। तुम सब अपने परिवार और दोस्तों के साथ खूब अच्छे से ईद-उल-फितर मनाना। अगर तुम्हारे घर में ईद नहीं मनाई जाती है तो तुम भी शाश्वत की तरह अपने किसी दोस्त के घर ईद मनाने चले जाना। यदि दोस्त का घर तुम्हारे घर से बहुत दूर है तो ऐसे में तुम अपने दोस्त को फोन करके ईद की बधाई जरूर देना। तुम सभी को ईद की बधाई.. ईद मुबारक...! *

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## ईद मुबारक


नया चांद दिखता, तब आती ईद है।
मीठी सेवईं हमें खिलाती ईद है।
वह इंसान नहीं है, जो खुदगर्ज है।
दुनिया खुश हो, यही हमारा फर्ज है।
जो गरीब हैं, उनको धन का दान दें।
दें उनको पकवान, नए परिधान दें।
कपड़े नए हमें दिलवाती ईद है।
हम बच्चों को बहुत लुभाती ईद है।
भाईचारा और सभी का साथ हो।
गले मिलें हम और हाथों में हाथ हो।



सब में तोहफों का आदान-प्रदान हो।
प्यार बढ़े, नफरत का हमें न ध्यान हो।
खुशियों के परचम लहराती ईद है।
ईद मुबारक! कहती, आती ईद है।

## जीके क्विज-98

1. हाल में चरण सिंह को (मरणोपरांत) कौन सा सम्मान प्रदान किया गया?
2. महात्मा गांधी को सबसे पहले 'राष्ट्रपिता' कहकर किसने संबोधित किया था?
3. हाल में ही नेशनल इनवेस्टिगेशन एजेंसी का महानिदेशक किसे नियुक्त किया गया?
4. स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल कौन थे?
5. विश्व का सबसे ऊंचा ज्वालामुखी पर्वत कौन-सा है?
6. जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल का क्या नाम है?
7. खाने वाले नमक में क्लोराइड के अलावा कौन-सा तत्व मौजूद होता है?
8. मानव शरीर की सबसे लंबी अस्थि कौन-सी होती है?
9. 'इंडिया विंस फ्रीडम' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
10. भारतीय हीरा संस्थान किस राज्य के किस शहर में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-98 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज 97 का सही उत्तर :** 1-भूटान, 2-हरिवंश, 3-इंडियन प्रीमियर लीग, 4-गंगटोक, 5-लोहा, 6-पत्ती, 7-मंगोलिया, 8-विटामिन सी, 9-शाहजहां, 10-भौतिक विज्ञान

**जीके क्विज 97 का सही उत्तर भेजने वाले :** आकांक्षा-अहमदाबाद, नितिन कुमार-दुर्ग, सरबजीत-करनाल, कबीर-हिसार, ईशान-अहमदाबाद, ज्योति-दंतेवाड़ा, पवन-जींद, आयुषी-रायपुर, प्रतीक-जबलपुर, अवंतिका-रोहतक, राजू-कोरबा, प्रेरणा-नारनौल, कपिल-दिल्ली, आदित्य-भोपाल

## हंसगुल्ले

**मम्मी:** रिंकू, तुमने दूध वाले का बिल देखा है?
**रिंकू:** मम्मी, क्या दूध वाले अंकल बिल में रहते हैं?
-सोनी, हिसार

**टीचर:** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**सौरभ:** लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-अभिजीत, डोंगरगढ़



**डॉक्टर:** तुम घबरा क्यों रहे हो? अब तो तुम खतरे से बाहर हो।
**राजेश:** डॉक्टर साहब, जिस ट्रक से मैं टकराया था, उसके पीछे लिखा था- 'फिर मिलेंगे।'
-अर्नव, भोपाल

**टीचर:** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहन:** सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-मुकुल, भिलाई

अवेयरनेस
अनुराग मनींद्र

स्पेशल: वर्ल्ड हेल्थ-डे, 7 अप्रैल

बच्चों, हर साल 7 अप्रैल को 'वर्ल्ड हेल्थ-डे' मनाया जाता है। लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। जानो, वर्ल्ड हेल्थ-डे से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें।

# हेल्थ इज वेल्थ

हम स्वस्थ रहने पर ही खुश रह सकते हैं। अस्वस्थ रहने पर कभी खुश नहीं रह सकते, क्योंकि हमें कई तरह की तकलीफें हो जाती हैं, ऐसे में मन दुखी-उदास रहता है। इसलिए हमारा स्वस्थ रहना, इसके प्रति जागरुकता बहुत जरूरी है। लोगों का जीवन स्वस्थ रहे, इसके लिए 7 अप्रैल 1948 को वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना की गई। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन को हम हिंदी में बोलते हैं-विश्व स्वास्थ्य संगठन। इस संगठन की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी कि दुनिया भर के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं बेहतर ढंग से मिलें। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के दूसरी वर्षगांठ पर, 7 अप्रैल 1950 को पहली बार 'वर्ल्ड हेल्थ-डे' मनाया गया था। इसके बाद से इसे हर साल 7 अप्रैल को मनाया जाता है।

**हर साल रहती है एक थीम :** हर साल विश्व स्वास्थ्य दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। यह थीम विभिन्न




स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों, स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों और स्वास्थ्य संबंधी लक्ष्यों के आधार पर तय की जाती है। साल 2024 के लिए 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' की थीम 'माइ हेल्थ, माइ राइट' (मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार) निर्धारित की गई है।

**जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन:** लोगों को स्वास्थ्य संबंधी बातों के प्रति





जागरूक करने के उद्देश्य से डब्ल्यूएचओ और अन्य सरकारी, गैर-सरकारी संगठनों द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, संस्थानों में भाषण प्रतियोगिताएं, निबंध लेखन, नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही इन कार्यक्रमों में कई बार हेल्थ एक्सपर्ट्स को भी आमंत्रित किया जाता है, जो लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह देते हैं।



**अपनाओ हेल्दी फूड हैबिट्स :** बच्चों, स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है तुम जंक फूड से दूर रहो, हेल्दी फूड खाओ। बहुत से बच्चे जंक फूड्स और बाजार में बिकने वाले स्ट्रीट फूड्स बहुत ज्यादा खाते हैं। जंक फूड्स बनाने में कई तरह के हानिकारक रसायनों का प्रयोग किया जाता है। जंक फूड्स स्वादिष्ट जरूर होते हैं, लेकिन इसका दुष्प्रभाव सीधा हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसलिए जितना हो सके, जंक फूड्स से दूर रहो। घर में बने ताजे और हेल्दी फूड्स ही खाओ।

**खेलो फिजिकल एक्टिविटीज वाले गेम्स :** आजकल ज्यादातर बच्चे वीडियो गेम्स खेलना पसंद करते हैं। पढ़ाई के बाद उनका समय लैपटॉप, मोबाइल या टीवी स्क्रीन पर ही बीतता है। बच्चों, इस तरह की आदतें तुम्हारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सही नहीं हैं।



इसलिए तुम्हें इनडोर गेम्स के बजाय अपनी पसंद का कोई आउटडोर गेम, जैसे- क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, हॉकी या वॉलीबॉल वगैरह खेलना चाहिए। इसके अलावा तुमको जॉगिंग, रनिंग या फिर साइक्लिंग जैसी आउटडोर एक्टिविटीज भी करनी चाहिए। आउटडोर एक्टिविटीज तुम्हारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी हैं।

**स्वच्छता का रखो ध्यान :** बच्चों, गंदे वातावरण में स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले बैक्टीरिया और वायरस पनपने का खतरा रहता है। इसलिए अपने घर में और आस-पास स्वच्छता का ध्यान रखो, साथ ही दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करो। हर बार खाने से पहले साबुन से हाथ जरूर धो या फिर हाथों को अच्छे से सैनिटाइज करो।

**स्वास्थ्य के प्रति हमेशा रहो जागरूक :** बच्चों, तुमने यह प्रचलित कहावत 'हेल्थ इज वेल्थ' तो जरूर सुनी होगी! बच्चों, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। अगर तुम शारीरिक रूप से स्वस्थ रहोगे तो तुम्हारा मस्तिष्क भी अच्छे से क्रियाशील रहेगा। इससे तुम पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी अच्छा परफॉर्म कर सकोगे। इसलिए तुम्हें अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखना चाहिए। साथ ही तुम्हें अपने दोस्तों और छोटे भाई-बहनों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। *

शब्द पहेली
विमला नागला

बच्चों, इस शब्द पहेली में रिक्त स्थानों पर एकदम सटीक शब्द तुम्हें भरना है। यह भी बता दें कि इसमें भरे जाने वाले शब्द 'सु' या 'सू' से प्रारंभ होते हैं।

**रविवार का** दिन था। दादाजी और दिव्यू...जल्दी ही बड़े तालाब के किनारे घूमने आ गए। धीरे-धीरे.....निकल रहा था। तालाब के किनारे भिन्न-भिन्न रंगों के.....खिले हुए थे। उनमें से भीनी-भीनी.....आ रही थी। वहां एक.....का



फूल खिला हुआ था, जिसका मुंह हमेशा सूरज की दिशा में घूम जाता है। आज मौसम बहुत.....था। अचानक कोयल की.....आवाज सुनाई दी। यह सुनकर दोनों बहुत खुश हुए। बगीचे का तालाब बहुत सुंदर लग रहा था परंतु गर्मियों में तो यह बिल्कुल.....जाता है।

'दादाजी! आज तो मजा ही आ गया सचमुच सुबह का भ्रमण.....फल देता है।' दादाजी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां बेटा! अब जल्दी घर चलना है। आज तुम्हें अपना हस्तलेख सुधारने के लिए .....भी तो लिखना है।'

'जी! अब तक तो मम्मी ने मेरी पसंद का टमाटर.....भी तैयार कर दिया होगा।'

## रंग भरो-147

**रंग भरो-147** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**लक्ष्य, रोहतक**



अराध्य, बिलासपुर



अंकित, धमतरी



अंजलि, फरीदाबाद



पलक, धमतरी



सुयश, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

दैविक-रोहतक, कल्पित-रोहतक, आर.विद्या-रायपुर, जतिन-जींद, योगेश-जबलपुर, धीरज-महासमुंद, मीरा-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रौनक-जांजगीर, कविता-भोपाल, शिवेश-दिल्ली, अनंता-बस्तर, पीहू-गुना, प्रशांत-करनाल, ज्योति-कोरबा


## रंग भरो 148



बच्चों, यहां पर लकड़ी के एक लट्ठे पर बैलेंस बनाकर चलते हुए एक बच्चे और बच्ची का चित्र दिया गया है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## रास्ता खोजो

बच्चों, दिए गए चित्र में कुछ फल दिखाई दे रहे हैं। जिन्हें (A)राजू, (B)पिंकी और (C)सोनू खाना चाहते हैं। तुम्हें सही रास्ता खोजकर यह बताना है कि ये फल किसके हैं?



## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### नशीला पदार्थ बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

महेंद्रगढ़। सीआईए पुलिस टीम ने नशीला पदार्थ बेचने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान बिंटू वासी मोदा आश्रम महेंद्रगढ़ और नवीन वासी मौहल्ला सैनीपुरा महेंद्रगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित नवीन के खिलाफ पहले भी दो मामले एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज हैं। आरोपितों को बुधवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने 29 जनवरी को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बस अड्डा दौंगड़ा के पास से एक आरोपित जोगेंद्र वासी दौंगड़ा जाट को पकड़ा था। जिससे 300 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ था। आरोपित के खिलाफ थाना सदर कनीना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई, 4 गिरफ्तार

नारनौल। जिले में असामाजिक गतिविधियां फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। आरोपितों की पहचान पूर्वचंद वासी ताजीपुर, माधाराम वासी कुराहवटा, श्रवण वासी घाटासेर व शीशराम वासी रूप सराय के रूप में हुई। पुलिस की टीमों ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना शहर क्षेत्र में नूनी अव्वल रोड से आठ बोतल देसी शराब बरामद की व एक आरोपित को गिरफ्तार किया। थाना शहर महेंद्रगढ़ पुलिस ने रिवासा फ्लाईओवर के पास से एक आरोपित को गिरफ्तार कर 10 बोतल देसी शराब बरामद की।

### युवा संगम फेज चार के अंतर्गत भ्रमण का आयोजन

# हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हुए पश्चिम बंगाल के विद्यार्थी

- विश्वविद्यालय परिसर स्थित शैक्षणिक संसाधनों से छात्रों को करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित युवा संगम कार्यक्रम के तहत हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पहुंचे पश्चिम बंगाल के विद्यार्थियों के समूह ने यात्रा के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर के साथ-साथ महेंद्रगढ़, हिसार व करनाल का भी भ्रमण किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के पहले दिन अतिथियों के लिए सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए महत्त्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रो. बीरपाल, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. विद्युलता पेद्दिरेड्डी, डॉ. कामराज सिंधु, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. अजय कुमार, डॉ. नीरज करण सिंह, डॉ. अभिषेक जिंदल, डॉ. मोहित फोगाट, आशीष साहू, तारा चंद शर्मा सहित वाणिज्य विभाग के शोधार्थी अन्नू, प्रेरणा, मोनिका, हेमलता तथा एमकॉम के छात्र पयोधी, गौरव, सपना, बलवान, रौनक, अनुभा एवं अन्य छात्र उपस्थित रहे। डॉ. राजेंद्र मीणा ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजन के दूसरे दिन प्रतिनिधियों ने हिसार स्थित राखीगढ़ी, करनाल के नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट का भ्रमण किया।



महेंद्रगढ़। हरियाणा के ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करते पश्चिम बंगाल के विद्यार्थी।



महेंद्रगढ़। युवा संगम आयोजन के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हकेंवि के विद्यार्थी।

#### एक्सपोजर टूर का विशेष महत्त्व

विश्वविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के नोडल ऑफिसर डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि युवा संगम चरण चार के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में एक्सपोजर टूर का विशेष महत्त्व है। पश्चिम बंगाल से आए प्रतिनिधियों ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सेंटर ऑफ इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन, साइंस हब और ई-लैब, इतिहास विभाग और पुरातत्व और शिक्षा विभाग के साथ महेंद्रगढ़ किले खुडाना मंदिर का भ्रमण किया। आयोजन के पहले दिन सांस्कृतिक संध्या में विद्यार्थियों ने हरियाणवी नृत्य, लोक रागनी की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर कोलकाता के प्रतिनिधियों ने भी अपने लोकनृत्य और गीत प्रस्तुत किए। आयोजन में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. नंद किशोर ने प्रस्तुत किया।



महेंद्रगढ़। प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थी, कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## चार छात्रों की मल्टीनेशनल रिटेल कंपनी में हुई प्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- अध्ययन के साथ रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत विवि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीवॉक रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट के चार विद्यार्थियों आयुष्मान, रिशु कुमार, रश्मि राज और मीनाक्षी कुमारी झा का प्लेसमेंट दिल्ली ड्यूटी फ्री कंपनी में हुआ है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। विद्यार्थियों में कौशल विकास पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को सामाजिक और रोजगार की दृष्टि से भी समृद्ध बनाता है। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ लोंग लर्निंग के अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मौर्य ने बताया कि विद्यार्थियों को सैद्धांतिक पाठ्यक्रम के साथ विषय का व्यावहारिक ज्ञान भी दिया जाता है जो रोजगार प्रदान करने में अपना अहम योगदान दे रहा है। रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट के समन्वयक डॉ. सुयश मिश्रा ने कहा कि नई शिक्षा नीति पर आधारित विभाग का पाठ्यक्रम विद्यार्थियों का कौशल विकास, सामाजिक स्वीकृति और रोजगार क्षमता को सशक्त बनाने और सुधारने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है। विभाग द्वारा पढ़ाई के साथ-साथ कार्यशाला, इंटर्नशिप और विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जाता है जो विद्यार्थियों को रोजगार क्षमता और कौशल बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। विभाग द्वारा विद्यार्थियों का पंजीकरण होते ही उनके लिए अगले तीन वर्षों की योजना बना ली जाती है।

## छात्रों में संस्कार एवं आध्यात्मिक जीवन का विकास होता है यज्ञ से

- बच्चों को पंचमहायज्ञ के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बसीरपुर में नव आगंतुक विद्यार्थियों एवं अध्यापकों द्वारा यज्ञ में आहुतियां देकर प्रवेश उत्सव मनाया गया। तथा नव आगंतुक विद्यार्थियों का फूल माला एवं मिठाइयों से स्वागत किया गया। यज्ञ में डॉ. वीरेंद्र कुमार शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रों से यज्ञ करवाया गया तथा छात्रों को कहा यज्ञ परोपकार का सबसे बड़ा साधन है। घी और सामग्री द्वारा पर्यावरण सुगंधित एवं शुद्ध हो जाता है। इस अवसर पर स्कूल की मुख्याध्यापिका जयंती बाई ने यज्ञ के उपरांत छात्रों को उद्बोधन में कहा यज्ञ से संस्कार एवं आध्यात्मिक जीवन का विकास होता है तथा उपकार की भावना भी बढ़ती है। गणित अध्यापक महात्मा सुशील देव ने भी बच्चों को पंचमहायज्ञ के बारे में बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन करना चाहिए। इस मौके पर मौलिक मुख्याध्यापक राजेश कुमार, महात्मा सुशील देव, रामस्वरूप डीपीई, विक्रांत, प्रियंका, सुनील बाबूजी, नवीन, ज्योति, सीमा, रेनू, इंद्र, कलावती व सोहन आदि समस्त अध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



नारनौल। बसीरपुर स्कूल में प्रवेश उत्सव पर यज्ञ करते हुए शिक्षकगण व विद्यार्थी।

## विजय इंटरनेशनल स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ

- हवन-पूजा दृढ़संकल्प के लिए करती है प्रेरित : चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना में बुधवार को नए सत्र का शुभारंभ पर हवन-पूजा कर किया गया। जिसमें शिक्षकों बच्चों ने आहुति देकर नए सत्र के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय में विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान चेयरमैन विजय यादव टूमना रहे। हवन का आरंभ विघ्नहर्ता भगवान गणेश के पूजन से हुआ। इसके बाद सरस्वती पूजन किया गया। चेयरमैन विजय यादव टूमना, प्रिंसिपल, सहित सभी विंग हेड व शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थियों ने उपस्थित रहकर स्वर्णिम भविष्य की भगवान से शुभ कामना की। कार्यक्रम में आचार्य ने वैदिक विधि-विधान से मंत्रोचारण कर हवन पूजा को संपन्न करवाया।

संरक्षक महेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता की कामना करते हुए उन्हें नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष नए सत्र का आरंभ सरस्वती पूजा तथा हवन से करवाया जाता है, जिसका उद्देश्य बच्चों में आस्था तथा आत्मबल की स्थापना तथा सद्विचारों को जागृत करना है। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कोई भी कार्य का शुभारंभ होता है तो सबसे पहले गणेश पूजा व हवन किया जाता है। हवन एक वैज्ञानिक पूजा पद्धति है, इससे वातावरण शुद्ध होने के साथ-साथ मानसिक चित व बुद्धि भी शुद्ध होती है। हवन से संपूर्ण वातावरण शुद्ध होता है। जिसकी प्रत्येक जीव धारी को आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हवन-पूजा हमें दृढ़संकल्प के लिए प्रेरित करती है। हम सब यज्ञ बेदी से शपथ लेकर देश की युवा पीढ़ी को नई ऊर्जा, नई दिशा देकर उन्हें उनके लक्ष्य पर पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित होते हैं। प्राचार्य डॉ. एसएस यादव ने कहा कि हमारे पौराणिक काल से ही ऋषि-मुनियों के आश्रमों से यह हवन विधि चली आ रही है। इससे भगवान गणेश, मां सरस्वती प्रसन्न होकर हमें अपने कर्तव्य पथ पर विश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। हवन से वातावरण के साथ-साथ विचारों में भी शुद्धता आती है।



महेंद्रगढ़। नए सत्र पर हवन करते विद्यालय स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## नवसंवत पर 51 कुंडीय होगा सामूहिक महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- पर्यावरण शुद्धि के साथ भाईचारे की भावना भी प्रबल होगी

आगामी सात अप्रैल को नारनौल के हुडा सेक्टर में डीईओ कार्यालय के निकट स्थित चंद्रशेखर पार्क में 51 कुंडीय सामूहिक महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7:30 बजे से रहेगा। उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन हिंदू सनातन नववर्ष नव विक्रम संवत 2081 के आगमन के शुभावसर पर होने जा रहा है। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी निलेश मुदगल ने बताया कि जब चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को हमारा नववर्ष आता है, तब संपूर्ण प्रकृति मनमोहिनी उल्लास में अनन्य सौंदर्य बिखेरती है। इस दिन का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का राज्याभिषेक भी इसी दिवस को हुआ था। वीर सम्राट विक्रमादित्य द्वारा इसी दिवस को आक्रांताओं पर विराट विजय प्राप्त की थी। वेदोद्धारक महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा आज ही के दिन आर्यसमाज की स्थापना की गई थी। साथ ही यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव हेडगेवार की जयंती भी है। इसी दौरान न्यूरोपैथी विशेषज्ञ डॉ. रोहताश आर्य के नेतृत्व में विभिन्न रोगों के उपचार हेतु निःशुल्क कैंप की सुविधा भी कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध रहेगी। पहलवान वीरेंद्र शास्त्री, एडवोकेट केशर सिंह, एडवोकेट चंद्रप्रकाश संघी, योगाचार्य बजरंग जांगिड़, योगाचार्या रीना देवी आदि ने बताया कि पवित्र महायज्ञ कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण शुद्धि व सत्संग भी है। यज्ञ में आहूत होने वाली सामग्री के दहन से अनेकों रोगों के विषाणु नष्ट होते हैं। वायु शुद्ध होती है। साथ ही संतों के संग से विचारों की पवित्रता बढ़ती है। इस कार्यक्रम से पर्यावरण शुद्धि के साथ-साथ परस्पर भाईचारे की भावना भी प्रबल होगी।

### गुवानी सरकारी स्कूल के 3 विद्यार्थियों का सैनिक व 3 का नवोदय में चयन

मंडी अटेली। राजकीय मिडल स्कूल गुवानी के तीन विद्यार्थियों को सैनिक स्कूल, तीन विद्यार्थियों को नवोदय स्कूल, दो छात्रों को बुनियाद लेवल-2 में चयन हुआ है। इससे ग्रामीणों में खुशी व्याप्त है। स्कूल की मुख्याध्यापिका कवित्रा देवी व प्राईमरी इंचार्ज विक्रम सिंह ने बताया कि सैनिक स्कूल में चयन होने वाले विद्यार्थी कमल कांत पुत्र सुरेश कुमार, रोनक पुत्र बुधराम, अनामिका पुत्री ईश्वर सिंह है। इसके अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने वाले विद्यार्थी हिमांश पुत्री धर्मेंद्र, रोनक पुत्र बुधराम, भावना पुत्री सुनील कुमार का चयन हुआ है। वही स्कूल के दो विद्यार्थियों का बुनियाद लेवल-2 में चयन होने वाले कनिष्का पुत्री जितेंद्र, दिपांशु पुत्र अशोक है। प्राईमरी विक्रम सिंह ने बताया कि बुनियाद लेवल-2 में चयन होने पर अब ये बुनियाद थ्री में शामिल होंगे। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर नीट, आईआईटी या अन्य परिक्षाओं के लिए सरकार की तरफ से निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी।

## जागरूकता से ही साइबर अपराध पर अंकुश संभव

- बस स्टैंड पर साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

इंटरनेट की दुनिया से भले ही आमजन के जीवन में बड़े बदलाव आए हो, लेकिन साइबर क्राइम होने से अब उतना ही खतरनाक भी साबित हो रहा है। आमजन की जागरूकता ही साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए बेहतर कदम है। यह बात सिटी थाना इंचार्ज निरीक्षक डा. सुधीर कुमार व एसआई तपेंद्र सिंह ने बस स्टैंड परिसर में आयोजित जागरूकता शिविर में कही। उन्होंने यात्रियों व आमजन से कहा कि साइबर अपराधी विभिन्न तरीकों से सीधे-साधे लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देशानुसार थाना इंचार्ज की ओर से आमजन को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में दौंगडा अहीर व बस स्टैंड पर जागरूकता शिविर आयोजित कर ग्रामीणों, युवाओं, आमजन को जागरूक किया गया। निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि साइबर अपराध कई प्रकार के होते हैं। जिसमें हैकर्स, धोखेबाज पीड़ितों की प्रतिष्ठा, वित्त, व्यवसाय आदि को प्रभावित करने वाले विभिन्न साधनों का उपयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि आपकी सहायता करने के लिए बैंक, बिजली निगम, टेलीफोन एक्सचेंज, आयकर या किसी भी विभाग का कर्मचारी बताकर आपसे कोई जानकारी मांगता है तो आप उसे किसी प्रकार की जानकारी न दें। उन्होंने बताया कि एसएमएस, इंस्टाग्राम, मेल आदि के मध्यम अज्ञात एवं प्रलोभन वाले लिंक पर क्लिक ना करें। सावधानी बरतने से हम मोबाइल फोन, उसकी वीडियो कॉल आदि के जरिये होने वाले अपराधों से बच सकते हैं। सोशल मीडिया पर अनजान लोगों को अपने व अपने परिवार संबंधी जानकारी न दें और निजी जानकारी भी शेयर करने से बचें। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध होने पर साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।




कनीना। बस स्टैंड पर साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करते पुलिस अधिकारी।

### दो के खिलाफ चोरी के प्रयास का केस दर्ज

धारूहेड़ा। अलवर बाइपास के निकट एक दुकान में चोरी का प्रयास करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस शिकायत में राजस्थान के भिवाड़ी निवासी जयसिंह ने बताया कि उसकी अलवर बाइपास पर फ्लैक्स की प्रिंटिंग की दुकान है। पड़ोस में होटल पर काम करने वाले सुमन और कमलेश उसकी दुकान पर आए थे। इन लोगों ने दुकान से प्रिंटिंग प्रेस का सामान चोरी करने के लिए उसे दीवार के बाहर फेंक दिया। पता चलने के बाद आरोपी सामान छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### पिकअप की टक्कर से पुलिस वैन पलटी,हेड कांस्टेबल सहित तीन घायल

डहीना। बुधवार की रात बुड़ौली के निकट एक पिकअप गाड़ी ने गश्त कर रही पुलिस वैन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में पुलिस की गाड़ी पलट गई, जिससे उसमें सवार हेड कांस्टेबल सहित तीन लोग घायल हो गए। चालक पिकअप छोड़कर फरार हो गया। रात को डहीना चौकी के हेड कांस्टेबल अमरजीत सरकारी गाड़ी में होम गार्ड जवान संदीप व चालक अरविंद गश्त के दौरान बुड़ौली से सीहा की ओर आ रहे थे। कुछ दूर चलने के बाद पीछे से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही गाड़ी पलट गई, जिससे उसमें तीनों घायल हो गए।



महेंद्रगढ़। पाठशाला में रेडिनेस मेले का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### माता मसानी जोहड़ में आयोजित किया गया शीतला माता का मेला

# मेले हमारी समृद्ध सभ्यता और संस्कृति के प्रतीक : बलवान फौजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

मेले हमारी समृद्ध सभ्यता व संस्कृति के प्रतीक हैं। मेलों के माध्यम से न केवल आपसी भाईचारे की भावना को बल मिलता है, बल्कि हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी ये अहम भूमिका निभाते हैं। यह बात भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं समाजसेवी बलवान फौजी ने माता मसानी स्थित माता मसानी के जोहड़ में आयोजित माता शीतला के मेले के शुभारंभ अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि बढ़ती मोबाइल संस्कृति के कारण हमारी प्राचीन विरासत मेले अपना सांस्कृतिक स्वरूप खोते जा रहे हैं। उन्होंने मेलों की इस प्राचीन परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को संजोकर रखने का आह्वान किया। मेले के सफल आयोजन के लिए बलवान फौजी ने समस्त मेला समिति को बधाई दी। इस दौरान बलवान फौजी ने मेला कमेटी को 5100 रुपये अपने निजी कोष से भेंट किए। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की ओर से माता शीतला के मंदिर में चावल, खील-मखाना, पूरी व शक्कर तथा अनाज का भोग लगाकर परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर कमेटी प्रधान उमीर सिंह ने बताया कि माता शीतला का मेला सदियों से चला आ रहा है। मेले में पूर्व रात्रि को विकास जांगड़ा एंड पार्टी नारनौल द्वारा माता का गुणगान किया। मेले में महेंद्रगढ़ क्षेत्र के 104 गांवों के ग्रामीण माता शीतला के दर्शन करने के लिए आते है। मंदिर कमेटी की ओर से लोगों की सुरक्षा एवं किसी भी प्रकार की निगरानी के लिए आठ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मेले के दौरान इसके लिए पांच सदस्यों की कमेटी व 25 वालेंटियरों द्वारा व्यवस्थाएं की गई। मेले में डफ्फ मंडलियों के बीच प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में निशान, नेहरूगढ़, सिहोर, कोटिया, गेहली, डूडी, धूरिया सहित अन्य गांवों की मंडली ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विजेता को पुरस्कार के रूप में नकद राशि व गुड़ की भेली देकर सम्मानित किया गया।



महेंद्रगढ़। मुख्यातिथि को पगड़ी पहनाकर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रधान उमीर सिंह, डॉ. धर्मबीर पायगा, सुधीर दीवान ,बच्चन सिंह, वारंट ऑफिसर राम भगत यादव, संदीप शास्त्री, सत्यवान सरपंच, चेतन यादव पार्षद, जयप्रकाश धोली, सूबेदार अभयसिंह, गुगन सिंह बचीनी, उपप्रधान बजरंग लाल शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश शर्मा, सचिव दिनेश कुमार मास्टर, मेला प्रबंधक विजय नरवालिया सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## प्राथमिक पाठशाला में किया रेडीनेस मेले का आयोजन

महेंद्रगढ़। राजकीय प्राथमिक पाठशाला के वार्ड नंबर-एक में स्थित प्ले स्कूल में वीरवार को सुपरवाईजर नीतू यादव व अनिता यादव की अध्यक्षता में रेडीनेस मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद सरिता राठी द्वारा किया गया। मेले में तीन से आठ वर्ष तक के बच्चों के साथ अभिभावकों ने भाग लिया। इस दौरान सुपरवाइजर द्वारा बच्चों को बौद्धिक, शारीरिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास के बारे में विस्तृत जानकारी दी, ताकि बचपन से ही बच्वें अपने खान पान का ध्यान रख सके। जिससे शारीरिक विकास समय-समय पर होता रहे। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूजा, राजकुमारी, रचिता, नीतू यादव, सुनिता, कृष्णा देवी सहित अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

#### सूचना

मै शिव लाल पुत्र चौथ राम सैनी वासी कैलाश नगर रेवाडी रोड नारनौल तह. नारनौल जिला गहेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरा लडका विरेंद्र कुमार व उसकी पत्नी गोनू सैनी मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमर्जी करते हैं व आए दिन लडाई झगडा करते रहते हैं। इसलिए मै इनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी

## खबर संक्षेप



नारनौल। वोट की मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का संदेश देते बच्चे।

### बच्चों ने श्रृंखला बना दिया मतदान करने का संदेश

**नारनौल।** जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा के दिशा निर्देशानुसार व नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी नित्यानंद के मार्गदर्शन में वीरवार को गांव डोहर के एमआर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर आने वाली 25 मई को लोकतंत्र के पर्व में अपने मत का प्रयोग करने का संदेश दिया। चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम पर बच्चों को भी इस मुहीम से जोड़कर बच्चों की ओर से पोस्टकार्ड के माध्यम से अपने घर से दूर रह रहे पापा, चाचा, ताऊ, दादा को संदेश भी लिखकर भेजा है। आग्रह किया है कि मतदान वाले दिन वे जरूर मतदान करें। चेयरमैन अजीत सिंह ने मतदान का महत्व बताया।



नारनौल। बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष दयाराम यादव।

### स्थापना दिवस को लेकर भाजपा वर्कर्स की बैठक

**नारनौल।** शक्ति केंद्र नंबर दो पर माइक्रो डोनेशन व छह अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने वीरवार को पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जिला अध्यक्ष ने पार्टी स्थापना दिवस पर शक्ति केंद्र के बूथ स्तर पर 50 पार्टी के झंडे पार्टी कार्यकर्ताओं के घरों पर लगाने के लिए प्रेरित करते हुए झंडे लगाने का आग्रह किया। इस मौके पर महेंद्र गौड़, मोहनलाल पार्षद, हेमंत चौबे, प्रवीण शर्मा, विकास अग्रवाल, राजू शर्मा, मोहन कोली, अशोक अग्रवाल, सतीश वाल्मीकि, सुशील चौटाला, चंद्रकांत शास्त्री, कृष्ण लाल, शिवशंभु योगी, महावीर प्रसाद शर्मा, सुभाष चंद मौजूद रहे।

# आरटीई के तहत दाखिला लेने के लिए 15 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन

- 18 अप्रैल को दाखिले का पहला लक्की ड्रॉ निकाला जाएगा
- खाली सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया 23 से 29 अप्रैल तक होगी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शिक्षा विभाग ने कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को आरटीई अर्थात शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत दाखिला देने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों को दाखिला दिलवाने के लिए 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद प्री नर्सरी से पहली कक्षा में मुफ्त दाखिला देने के लिए 18 अप्रैल को लक्की ड्रॉ निकाला जाएगा। इस ड्रॉ में नाम आने वाले विद्यार्थियों को 22 अप्रैल तक दाखिला दिया जाएगा। वहीं पहले ड्रॉ में शामिल बच्चों के दाखिले न होने पर खाली सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया 23 से 29 अप्रैल तक पूरी की जाएगी। बता दें कि शिक्षा विभाग ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को



महेंद्रगढ़। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के तहत प्री नर्सरी से पहली कक्षा में मुफ्त दाखिले की प्रक्रिया चलाई गई। विभाग ने इसका शेड्यूल जारी किया हुआ है।

#### ये हैं नियम

शिक्षा विभाग की ओर से जारी पत्र के मुताबिक मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीटों पर आरटीई नियम-2011 के तहत नर्सरी से पहली कक्षा तक के विद्यार्थियों को कक्षावार 25 फीसदी सीटों पर मुफ्त दाखिले का प्रावधान किया गया है। 1.80 लाख रुपये से कम सालाना आमदनी वाले परिवारों के बच्चों को इन सीटों पर आवेदन का अधिकार है। इस श्रेणी में आने वाले अभिभावक अपने बच्चों के मुफ्त दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस योजना में अभिभावक उसी स्कूल में आवेदन कर सकते है जिनकी घर से दूरी एक किलोमीटर है।

**ये दस्तावेज हैं जरूरी:** आरटीई के तहत दाखिला लेने के लिए परिवार की सालाना आमदनी एक लाख 80 हजार से कम का प्रमाणपत्र, परिवार पहचान पत्र, बीपीएल कार्ड है तो उसकी कॉपी, बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र और फोटो एवं परिजनों का फोन नंबर अनिवार्य है। इन दस्तावेजों की जांच के बाद ही विद्यार्थियों को दाखिला मिलेगा।

#### दाखिले की आयु सीमा

- कक्षा का स्तर 31 मार्च 2024 तक आयु सीमा
- प्री नर्सरी में 3 से साढ़े पांच साल
- प्री प्राइमरी, यूकेजी में चार से साढ़े छह साल
- कक्षा प्रथम में पांच वर्ष छह मास से अधिक

#### 15 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

खंड शिक्षा अधिकारी अलका ने बताया कि आरटीई के तहत दाखिला लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पात्र अभिभावक 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। इसके पश्चात 18 अप्रैल को पहला ड्रॉ निकाला जाएगा। जिसके बाद पहले ड्रॉ में शामिल बच्चों के 22 अप्रैल तक दाखिले दिए जाएंगे।

### एक दिन बंद रहने के बाद आज से फिर बनेंगे गेटपास

# नारनौल मंडी में हैफेड ने दो दिन में खरीदी 17,770 क्विंटल सरसों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गुरुवार को भी जिले की मंडियों में बुधवार को आई सरसों की खरीद जारी रही, जबकि गुरुवार को मंडियों में गेट पास नहीं काटे गए, जिस कारण बुधवार एवं गुरुवार को वही सरसों खरीदी गई, जिसकी बुधवार को आवक हुई थी। अकेले नारनौल मंडी में इन दो दिनों में 17770 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी है, जबकि अब भी कई ढेरियां सरसों में नमी 'यादा होने के कारण बची हुई है। गुरुवार को नए गेट पास नहीं काटने के चलते मंडियों मे सरसों उठान का कार्य भी तेजी से किया। दो दिन से मंडियों सरसों से अटी पड़ी थी, लेकिन अधिकत्तम सरसों की खरीद हो जाने के चलते उठान में भी तेजी लाई गई। नारनौल मंडी में खरीद कार्य में करीब 40 कांटे लगाए हुए हैं, वहीं ठेकेदार की करीब 100-125 मजदूरों की लेबर लोडिंग एवं अनलोडिंग के कार्य में लगी हुई है। मजदूर गुरुवार को नई सरसों नहीं आने के चलते अनलोडिंग से बचे रहे और उन्होंने अपनी सारी ऊर्जा उठान कार्य में लगाए रखी, जिस कारण मंडी काफी हद तक खाली हो गई। अब शुक्रवार को जब किसान अपनी सरसों लेकर मंडी पहुंचेंगे तो उनका सरसों उतारने में परेशानी नहीं आएगी और उन्हें पर्याप्त जगह मिल जाएगी, लेकिन अब सरसों की आवक पहले से भी ज्यादा बढ़ने की प्रबल संभावनाएं बन रही हैं, क्योंकि लगभग सभी किसान सरसों निकाल चुके हैं और दिन में अच्छी धूप खिलने से उनकी सरसों तेजी से सूखने लगी है। नारनौल मंडी में खरीद कर रहे कोआप्रेटिव सोसायटी के मैनेजर रोशनलाल ने बताया कि बुधवार को काफी ज्यादा संख्या में किसान सरसों लेकर मंडी पहुंचे थे, जिस कारण चौतरफा सरसों ही सरसों हो गई थी। सरसों रखने को जगह तक नहीं बची थी, जिस कारण एक दिन गुरुवार को सरसों की आवक बंद करनी पड़ी। केवल उन्हीं किसानों की गुरुवार को सरसों खरीदी गई, जिनके गेट पास पहले से कटे हुए थे। बुधवार को जहां नारनौल मंडी में 8980 क्विंटल सरसों खरीदी, वहीं गुरुवार को 8790 क्विंटल सरसों खरीद चुके हैं और अब भी कई ढेरियां बची हुई हैं। यह ढेरियां वह हैं, जिनमें नमी की अधिकता है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को सरसों की आवक रोक देने पर उठान का कार्य बड़ी तेजी से चला है। अधिकांश सरसों का उठान कर दिया गया है और अब भी जारी है। इन दो दिनों में 17,770 क्विंटल सोसायटी खरीद चुकी है। यह सरसों नैफेड के लिए खरीदी जा रही है। सरसों मंडी से उठाकर स्टेट वेयर हाउस में पहुंचाई जा ही है। सरसों खरीद में करीब 40 कांटे लगाए गए हैं, वहीं करीब 100-125 मजदूर तथा लगभग 25 ट्रक उठान कार्य में लगाए हुए हैं, जो दिन-रात काम कर रहे हैं। सरसों की अधिक आवक होने के कारण रात्रि को भी खरीद जारी रहती है।





नारनौल। मंडी में सरसों की खरीद करते कोआप्रेटिव सोसायटी के मैनेजर रोशनलाल व स्टॉफ तथा अनाज मंडी सरसों की लिफ्टिंग में जुटे मजदूर। फोटो : हरिभूमि

#### मंडी में तिथि अनुसार आवक की स्थिति

| तिथि | गेटपास | क्विंटल |
|---|---|---|
| 27 मार्च | 11 | 191 |
| 28 मार्च | 25 | 460 |
| 29 मार्च | 40 | 754 |
| 30 मार्च | 135 | 2485 |
| 31 मार्च | रविवार की छुट्टी | |
| एक अप्रैल | 558 | 10938 |
| दो अप्रैल | 759 | 14549 |
| तीन अप्रैल | 676 | 13314 दोपहर तीन बजे तक |



मंडी अटेली। अनाज मंडी में सरसों की खरीद के लिए हेल्प डेस्क स्थापित पर जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

# नए टोकन नहीं काटे, पुराने टोकन पर ही खरीदी फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

रबी सीजन 2023-24 का अटेली अनाज मंडी में वीरवार को सरसों की खरीद के टोकन नहीं काटे गए, लेकिन पहले के कटे हुए टोकनों की सरकारी खरीद हुई। कृषि उपज विपणन समिति ने अटेली अनाज मंडी में किसानों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित की, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं अटेली अनाज मंडी में किसानों के लिए 10 रुपये में मिलने वाली थाली शुरू हो रखी है, जिसमें किसान-मजदूर दोपहर का भोजन ले रहे हैं। मंडी में बृहस्पतिवार को 177 किसानों की 3540 क्विंटल सरसों खरीद हुई तथा अभी तक 1208 किसानों की 23578 क्विंटल की खरीद हो चुकी है। मंडी में वीरवार 6271 बैग तथा अभी तक 12770 बैग का उठान हुआ। मंडी में अभी तक 24 हजार क्विंटल की आवक हो चुकी है। मंडी में उठान नहीं होने चलते वीरवार को टोकन नहीं कटेंगे, के कारण खरीद नहीं होगी। सोसायटी के प्रबंधक ने सत्येंद्र यादव ने बताया कि अभी तक 25 हजार क्विंटल खरीद हुई है। लेबर कम होने के चलते लिफ्टिंग में देरी हो रही है, उसको ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। किसान सरसों को सुखाने के साथ साफ करके लाएं। आठ प्रतिशत से अधिक नमी वाली सरसों को नहीं खरीदा जाएगा। जिन किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्योरा के पोर्टल पर पंजीकरण किया है, उन्हीं किसानों की सरकारी खरीद होगी। सरकारी खरीद सचिव सुनीता फोगाट, सहायक सचिव संजय, हैफेड के परचेजर बलजीत, प्रबंधक सतेंद्र यादव, पंकज सुपरवाईजर ने खरीद में व्यवस्था बनाई।

#### 25 क्विं. सरसों आई

अटेली की कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव सुनीता फौगाट ने बताया कि मंडी में वीरवार को नए टोकन नहीं कटे। उठान व खराब मौसम के चलते यह यह कदम उठाया गया था। मंडी में करीब 25 हजार क्विंटल की आवक हो चुकी है।

# भाजपा स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल को करेंगे पैदल मार्च: भारती सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- महिला मोर्चा के नारनौल व हुडिना मंडल की बैठक आयोजित

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा महिला जिला पदाधिकारियों की बैठक वीरवार अपार होटल में हुई। इस बैठक में जिले व प्रदेश की सभी पदाधिकारी शामिल हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी नीतू चौधरी, लोकसभा प्रभारी पूनम भटनागर व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के बारे में महिलाओं से चर्चा की। इसके बाद भाजपा महिला मोर्चा की ओर से नारनौल व हुडिना मंडल की अलग-अलग बैठक आयोजित की गई। नारनौल मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष सपना गुप्ता व हुडिना मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष प्रीति सैनी की अगुवाई में हुई। इन दोनों बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती सैनी ने की। उन्होंने छह अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पैदल मार्च निकालने की रणनीति पर चर्चा की। इस अवसर पर महिलाओं को संबोधित करते हुए भारती सैनी ने कहा कि भाजपा एक राष्टवादी राजनीतिक दल है। जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। भारत को एक समर्थ राष्ट बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन छह अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया। जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्ति भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए है।



नारनौल। बैठक में मौजूद भाजपा महिला पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला महामंत्री कविता यादव, जिला महामंत्री अरुणा कौशिक, सरला यादव, रवीना सोनी, शशि बालाजी, कुसुम निर्मल, अरुणा भारती, सुमन मंधाना, प्रेमलता यादव, सपना गुप्ता, सरोज कश्यप, सरोज बाला, खुशबू अग्रवाल, कोमल दायमा, शकुंतला, राजेश देवी, माया सैनी, गीता गोयल आदि शामिल थी।

# लोग अपने-पराए की करें पहचान, विरोधियों के मुंह पर जड़ें ताला

- जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला ने गुरुवार को नारनौल विधानसभा के गांवों में जजपा के लोकसभा प्रत्याशी राव बहादुर सिंह के समर्थन में की ग्रामीण जनसभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

लोकसभा का चुनाव राष्ट्रीय चुनाव है। इसलिए लोग अपने-पराए की पहचान कर विरोधियों के मुंह पर ताला जड़ें। उक्त आह्वान जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला गुरुवार को नारनौल विधानसभा में ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ महेंद्रगढ़-भिवानी से जजपा प्रत्याशी राव बहादुर सिंह भी उनके साथ थे। अध्यक्षता जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा ने की। चौटाला ने गांव मोहनपुर, चिंडालिया, नांगलकाठा, खोड़मा, जैलाफा, जाखनी, महरमपुर व धरसूं आदि गांवों का दौरा किया। डा. अजय चौटाला ने ग्रामीण जनसभाओं में पहुंचे लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साढ़े चार साल के गठबंधन के शासनकाल में दुष्यंत चौटाला ने प्रदेशवासियों के हितों में खूब सारे जनकल्याण एवं विकास के कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा कि अब देश का सबसे बड़ा चुनाव हो रहा है। इसमें लोगों को सचेत एवं सजग रहने की आवश्यकता है। इस चुनाव में हमें अपने एवं पराये की पहचान करनी होगी तथा उस कंडीडेट को चुनाव जीताना होगा, जो हमारा हिमायती होगा। जजपा प्रत्याशी राव बहादुर सिंह ने कहा कि साल 1996 से राजनीति का अनुभव है और चौधरी देवीलाल की नीतियों के चलते कांग्रेस पार्टी को छोड़कर जेजेपी पार्टी को ज्वाइन किया है। अब चौधरी देवीलाल की नीतियों को दुष्यंत चौटाला आगे बढ़ा रहे हैं और उम्मीद है कि दुष्यंत चौटाला ही चौधरी देवीलाल के सपनों को साकार करेगा।



नारनौल। विधानसभा के गांव नांगलकाठा में ग्रामीणों को संबोधित करते डा. अजय सिंह चौटाला। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एडवोकेट तेजप्रकाश यादव, विजयपाल एडवोकेट, सिकंदर गहली, युद्धवीर पालड़ी, भोजराज यादव नांगतिहाड़ी, महेंद्र बडेसरा, महेंद्र खन्ना, रामकुमार मकसूसपुर, पार्षद संदीप भांखर, विजय छिलरो, एडवोकेट अजय चौधरी, नवीन राव, दीपक यादव, धीरज शर्मा, हरिओम मेई, सुनील राव, योगी आदलपुर, मनोज बुचौली, अमित भांखरी, सुनील जेवली, सन्नी यादव, रवि व हुकमचंद आदि मौजूद रहे।

### नि:शुल्क शिविर में 22 रोगियों की हुई जांच



**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में यादव सभा प्रधान एडवोकेट अभय राम यादव की अध्यक्षता में नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया की यह शिविर प्रत्येक वीरवार को शाम चार बजे लगाया जाता है। यदुवंशी अस्पताल रेवाड़ी के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रतिक्ष यादव ने रोगियों की हृदय जांच की व उनके सहयोगी सुखबीर ने जांच से पहले रोगियों का बीपी, शुगर, ईसीजी, वजन इत्यादि की जांच की। इसके पश्चात डॉ. सुप्रतिक्ष यादव ने 22 रोगियों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। इस मौके पर जगदीश प्रसाद, सह सचिव रोहताश सिंह, राजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# सुरहेती जाखल से सुरहेती मोडियाना तक बनी नई सड़क पर पुन: लेयर डालेगा पीडब्ल्यूडी

- चार महीने पहले ही बनाई गई थी, दोनों गांवों के सरपंचों ने की थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सतनाली ब्लॉक के गांव सुरहेती जाखल से सुरहेती मोड़ियान के बीच हाल में बनाई गई सड़क को विभाग फिर से बनाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि ये सड़क हाल ही में बनाई गई थी। परंतु इसमें गड्ढे होने शुरू हो गए थे। इस बारे दोनों गांवों के सरपंचों ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

इसका संज्ञान लेते हुए लोक निर्माण विभाग के एसडीओ एवं जेई को साथ लेकर इस सड़क का मुआयना किया गया। विभाग के अधिकारियों को कहा गया है कि जहां-जहां गड्ढे हुए हैं उस हिस्से की पूरी चौड़ाई को उखाड़कर फिर से बनाया जाएगा तथा उसके बाद पूरी सड़क पर नए सिरे से लेयर बिछाई जाएगी। सड़क के जिस हिस्से में सीमेंट की टाइल्स लगाई गई हैं उसमें से कुछ टाइल्स टूट भी गई हैं। सर्दी के मौसम में बनाने की वजह से ये सीमेंटेड टाइल्स ठीक से पक्की ना होने के कारण टूट गई हैं। टूटी हुई सारी टाइल्स भी बदली जाएंगी। हरियाणा सरकार का ध्येय है कि जो काम करवाए जाए, उसमें गुणवत्तापूर्ण काम होने हैं। गांव सुरहेती मोड़ियान के सरपंच राजेंद्र ने बताया कि सड़क में गड्ढे होने बारे शिकायत दी गई थी, जिस पर सड़क निर्माण विभाग के एसडीओ और जेई ने मौका देखा है तथा ठेकेदार को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। आशा है सड़क गुणवत्तापूर्ण तरीके से बनाई जाएगी। संदीप मालड़ा ने कहा कि अगर ठेकेदार काम ठीक नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए विभाग के अधिकारी जरूरी प्रक्रिया अपनाएंगे।



महेंद्रगढ़। टूटी सड़क का मौका मुआयना करते अधिकारी व संदीप मालड़ा। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षा निदेशालय ने जारी किए दाखिले के लिए दिशा निर्देश

# चिराग योजना से वंचित रह सकते हैं होनहार गरीब छात्र

- महेंद्रगढ़ जिले के सैकड़ों निजी स्कूलों में से केवल 7 ने दी दाखिले की सहमति



विश्वेश्वर कौशिक, बीईओ कनीना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

प्रदेश सरकार की ओर से शिक्षा विभाग में 134-ए के तहत दाखिले बंद कर संचालित की गई चिराग योजना सीएम हरियाणा इक्वल एजुकेशन रिलीफ एसिस्टेंस एंड ग्रांट के अंतर्गत निर्धन, जरूरतमंद व बीपीएल श्रेणी के बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ाई कर सकेंगे। इस बारे में मौलिक शिक्षा निदेशालय चंडीगढ़ की ओर से प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर दाखिला देने के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए हैं। पत्र के मुताबिक शिक्षा सत्र 2023-24 में सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे आर्थिक रूप से कमजोर व एक लाख 80 हजार रुपये परिवार पहचान पत्र वाले अभिभावक शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए कक्षा चौथी से 12वीं तक निजी एवं मान्यता प्राप्त स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला करवा सकते हैं। प्रदेश के सभी जिलों के स्कूलों की रिक्तियों की संख्या शिक्षा विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है। जिसमें आवेदन का प्रारूप, गाइडलाइन की प्रति तथा विद्यालयों की सूचि भी अटैच है। कनीना के खंड शिक्षा अधिकारी डा. विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि इस योजना में केवल वही विद्यार्थी पात्र होंगे, जिन्होंने चालू शिक्षा सत्र में सरकारी विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण की है। ऐसे छात्र आगामी 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। जिन विद्यालयों में रिक्तियों की संख्या से अधिक आवेदन होते हैं, ऐसी स्थिति में 12 अप्रैल को लॉटरी सिस्टम से चयन किया जाएगा। 13 से 25 अप्रैल तक दाखिले की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों की सूचि नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी।

#### मान्यता प्राप्त सभी स्कूलों ने दाखिलों को लेकर नहीं दी अपनी सहमति

दिलचस्प बात यह है कि जिले में सैकड़ों की संख्या में मान्यता प्राप्त निजी स्कूल हैं। शिक्षा विभाग की ओर से जिलेभर में केवल मात्र सात स्कूलों को सूचि में दर्शाया गया है, जबकि महेंद्रगढ़ जिला आठ खंडों में विभाजित है। ये बात अलग है कि शिक्षा विभाग के रिकॉर्ड में पांच ब्लॉक हैं। ऐसे में खंडवार एक स्कूल भी पात्र विद्यार्थियों के हिस्से नहीं आया। संभवतया प्रदेश के सभी जिलों में विद्यालयों की संख्या सीमित आंकी गई है। जिससे अभिभावकों में रोष है व हौनहार विद्यार्थियों की ओर से निजी विद्यालय में पढ़ने के लिए संजोया सपना अधूरा रह सकता है।

#### स्कूलों की सूची जारी

इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी डा. विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से बीते समय निजी स्कूलों से ऑनलाइन विलिंग मांगी गई थी। जिन स्कूलों से सहमति मिली उनको ही सूचि में शामिल किया गया। जिन स्कूलों ने चिराग योजना में दाखिले के लिए सहमति नहीं दी, उनके लिए आवेदन भी नहीं किए जा सकते है। इस बारे में अधिक जानकारी डीईईओ नारनौल ही दे सकते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005